षोडश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या–04 **बुधवार, दिनांक– 27 नवम्बर, 2019 ई० ।**

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.08 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 03 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोर–गुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा बार–बार विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने स्थान पर जा कर अपनी बातों को कहने का अनुरोध किया गया ।

किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.30 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[2] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

माननीय मंत्री, विधि विभाग, श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा बिहार पीड़ित प्रतिकर (संशोधन) स्कीम, 2019 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया तथा यह 14 दिनों तक सभा मेज पर रखा रहेगा ।

माननीय सभापति, राजकीय आश्वासन समिति, श्री श्याम बहादुर सिंह द्वारा समिति का 278वाँ एवं 280वाँ प्रतिवेदन की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

[3] **वित्तीय वर्ष 2019–20 के द्वितीय अनुपूरक व्यय–विवरण में सम्मिलित अनुदान की मांग [शिक्षा विभाग] पर वाद–विवाद तथा मतदान :-**

माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा द्वारा सदन की सहमति से विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री ललित कुमार यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

वित्तीय वर्ष 2019-20 की द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरण में सम्मिलित अनुदान की मांग [शिक्षा विभाग] पर वाद-विवाद तथा मतदान में निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री रत्नेश सादा

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री मो० नेमतुल्लाह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(iii) श्री अवधेश कुमार सिंह

(iv) डॉ० रामानुज प्रसाद

(v) श्री चन्द्रसेन प्रसाद

(vi) श्री सत्यनारायण सिंह

(vii) श्री राजेश कुमार

(viii) श्री सत्यदेव राम

(ix) श्री रामदेव यादव

(x) श्री ललन पासवान

(xi) श्री मिथिलेश तिवारी

(xii) श्री शिवचन्द्र राम

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xiii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी

(xiv) श्री मो० नेमतुल्लाह

माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री ललित कुमार यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा वित्तीय वर्ष 2019-20 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

तत्पश्चात् सदन द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 का द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी में सम्मिलित शेष अनुदान की मांगे गिलोटीन (मुखबंध) के द्वारा बारी-बारी से स्वीकृत हुआ ।

[4] **विधायी कार्य :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक**

''बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2019''

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति के उपरान्त विधेयक के सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने । तदोपरान्त माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

तत्पश्चात् बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2019 सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[5] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 43 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक-28 नवम्बर, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-27.11.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।